सार-समाचार

नगर परिषद ने हटाया अतिक्रमण

गंगापुर सिटी, (निसं)। नगर परिषद ने मंगलवार को बडी कार्रवाई करते हुए नहर रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर परिषद के जमादार कमलेश के नेतृत्व में टीम ने दुकानों के सामने किए गए अवैध कब्जों को हटाया। अभियान में नगर परिषद के सफाई कर्मचारी, पुलिस जवान और परिषद के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। टीम के पास जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली की सुविधा थी। कार्रवाई के दौरान दुकानों के सामने से अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। अभियान में करीब दो ट्रैक्टर-ट्राली भर पत्थर जब्त किए गए। साथ ही सडक पर अनाधिकृत रूप से रखा गया सामान भी जब्त किया गया। टीम ने लोगों को सख्त हिदायत दी कि वे भविष्य में सडक पर अतिक्रमण न करें। नगर परिषद के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक निर्देशों पर अतिक्रमण के खिलाफ ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा न करें।

धूमधाम से निकली शिव बारात

हिण्डौन सिटी, (निसं)। रुग्घापुरा गांव में चल रही श्री शिव पंचायतन, हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठ, स्व. घमंडी राम की चरण पादुका प्रतिष्ठा के द्वितीय दिवस में आचार्य देवेन्द्र शास्त्री जी के तत्त्वाधान में भगवान का फलाधिवास, घृताधिवास इत्यादि के साथ भगवान भोलेनाथ का महाभिषेक एवं सम्पूर्ण ग्राम बस्ती ने नृत्यादि के साथ मे भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात में आनंद प्राप्त किया। प्रतिष्ठा में आचार्य विकास शास्त्री, आचार्य कुलदीप शास्त्री, आचार्य गोपाल शास्त्री ने मन्त्रोच्चारण के साथ मे वैदिक विधि विधान के साथ भगवान का विवाह उत्सव कराया, प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महादेव को ग्राम भ्रमण कराया गया। आयोजक रामजीवन बैंसला,फौजी बलीराम बैंसला, सूबेदार विन्दावन बैंसला, हाईवे इंचार्ज पिन्टू बैंसला ने भगवान भोलेनाथ को फलाधिवास, घृताधिवास कराया। भूपेन्द्र खटाना कैमरी ने बताया कि गाजे-बाजे सहित डीजे के साथ निकली शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए भ्रमण किया। भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि रथ पर सवार महादेव के शिवलिंग को देखने के लिए हर मार्गो पर लोगों की भीड़ उमड़ी। पुष्प की वर्षा कर भगवान शिव का स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिग को शिवरात्रि के दिन प्राण प्रतिष्ठा देकर रुग्घापुरा गांव के शिव मंदिर में स्थापित किया जाएगा। रथ पर महादेव को विराजमान कर गांव के संपूर्ण क्षेत्र में भ्रमण किया गया। जिसमें श्रीफल डायरेक्टर, सुठीव सरपंच, हरिओम गोठिया महारपुर, बनैसिंह पटेल, हरकेश मीना, नरेश विचपुरी, भीमसिंह खटाना, शिवसिंह मास्टर, जतन फौजी, भरोसी पटेल, गोरेलाल, भूपेन्द्र खटाना कैमरी, रामजीवन, फौजी बल्ली बैंसला, सूबेदार विन्दावन बैंसला, हाईवे इंचार्ज पिन्टू बैंसला सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लिया ।

स्मैक बरामद, दो गिरफ्तार

करौली, (निसं)। करौली में पुलिस ने स्मैक तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला स्पेशल पुलिस टीम और करौली कोतवाली की टीम ने संयुक्त अभियान में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 7 लाख रुपए कि 9.89 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।करौली कोतवाली थाना अधिकारी आध्यात्म गौतम के अनुसार पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश में नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए ऑपरेशन स्मैक आउट चलाया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि आरोपी आमन का पुरा भोडेर कि तरफ जाते समय पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहर सिंह मीणा और ऋषिराज मीणा के रूप में हुई है। मोहर सिंह दीपपुरा थाना सदर का रहने वाला है। वहीं, ऋषिराज कसारा थाना मासलपुर का निवासी है। दोनों करौली शहर और आसपास के क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करते थे।पुलिस आरोपियों से स्मैक की खरीद-बिक्री के बारे में पूछताछ कर रही है। इस कार्यवाही में करौली थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम के कई जवान शामिल थे। इनमें कॉन्स्टेबल सत्येंद्र, वीर प्रताप, टिंकू, सचिन आदि शामिल है।

गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

करौली, (निसं)। सपोटरा थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने 30 किलो 200 गांजे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से गांजा बिक्री के 2 लाख 55 हजार रुपए, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एक कार और तीन मोबाइल जब्त किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में नशे के कारोबार पर लगाम कसने का अभियान जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में दौसा के भापर थाना क्षेत्र का दाताराम 20, मथुरा के मनसापुरी कॉलोनी का अजय कुमार 43 और करौली के टोडाभीम थाना क्षेत्र का मनीराम मीणा 40 शामिल हैं। ये तस्कर उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लाकर भरतपुर,दौसा,करौली,सवाई माधोपुर और आस पास के क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। सपोटरा थाना अधिकारी धारा सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर निमोदा रेलवे अंडरपास के पास से आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को धर लिया। इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल मुरारी लाल और रूकम सिंह कि विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर नशे के करोबार मे लिप्त अन्य लोगो कि जानकारी जुटा रही है।

विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ की बैठक

हिण्डौन सिटी, (निसं)। विधुत सेवानिवृत कर्मचारी संघ जिला करौली की बैठक मंगलवार को केशवपुरा स्थित जांगिड़ धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश महामंत्री शिवचरण लाल शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सर्व सम्मति से सेवा निवृत्त लेखाधिकार ओमप्रकाश गुप्ता,ढिंढोरा को संगठन में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री शिवचरण लाल शर्मा ने बिजली समस्याओ के समाधान को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिए। जिला महामंत्री रामदयाल शर्मा ने बताया कि बैठक में ओमप्रकाश गुप्ता ढिंढोरा सेवानिवृति लेखाधिकारी को सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष व श्याम लाल शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा संगठन को मजबूत बनाने व कर्मचारियों से जुड़ी समस्यायों के समाधान को लेकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत भी किया। बैठक में काफी संख्या में सेवानिवृत कर्मचारी शामिल थे।

बम-बम भोले के गूंजे जयकारे

सूरौठ,(निसं)। महाशिवरात्रि पर्व पर हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु सौरोंजी से कावड़ लेकर आते हैं और शिवालियों में गंगाजल से जलाभिषेक करते हैं। इस बार भी सूरौठ, धुरसी, महूं हिंडौन, खरैटा आदि कई स्थानों से हजारों कांवड़िए कांवड़ लेकर आ रहे हैं। इससे मंगलवार को सुबह से ही भरतपुर-बयाना-हिंडौन सूरौठ स्टेट हाइवे पर कांवड़ियों की कतारें लगी हुई है। डीजे पर बजते भजनों पर कंधे पर सजी धजी कांवड़ लेकर निकलते कांवड़िए सबके आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कांवड़िए भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए उत्साह के साथ अपनी मंजिल की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं। कांवड़ियों के सहयोगी आगे चलकर ट्रैफिक कन्ट्रोल करते चल रहे है। कांवड़ लेकर जा रहे श्रद्धालुओं ने बताया कि वह मंगलवार देर रात तक शिव मंदिर पर पहुंच जाएंगे। जहां सुबह शिवरात्रि पर गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। इसी तरह आस्था से सराबोर कांवड़िए ने बताया कि वे 211 किमी दूर से गंगाजल की कांवड़ हर साल लेकर आते हैं। दिन-रात पैदल चलकर अपने गंतव्य पर पहुंचेंगे। इस दौरान पूरे मार्ग पर शिव भक्तों के बम-बम भोले,हर-हर महादेव के जयकारे गुंजायमान हो रहे हैं।

'रीट को लेकर लापरवाही व अनियमितता नहीं बरती जाये'

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान में आगामी 27 और 28 फरवरी को होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने परीक्षा के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त की जाएं ताकि

■ **जिला कलेक्टर ने परीक्षा के निष्पक्ष व शांतिपूर्ण आयोजन के लिए निर्देश दिए**

अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी तरह का अनुचित एवं अवैधानिक स्थिति पाये जाने की दशा में संबंधित अधिकारी को तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, वीक्षकों के प्रशिक्षण और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोठाफी, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर भीड को नियंत्रित करने के लिये पर्याप्त पुलिस जाप्ता लगाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा से संबंधित जारी गाइड लाईन के अनुसार ड्रेस कोड का पालन कराया जाये, प्रतिबन्धित सामठी के परीक्षा केन्द्र पर लाने से पूरी तरह परहेज रहेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता नहीं बरती जाये।

सभी विभागों के अधिकारियों ने आपसी समन्वय से काम करने और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न होने देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा अनुरूप पूर्ण जिम्मेदारी के साथ पूर्ण शुचिता के साथ परीक्षा आयोजित कराने के निर्देश दिये गये। परीक्षा केन्द्रों पर संबंधित कार्मिकों को भी आई-कार्ड के माध्यम से ही केन्द्र पर प्रवेश मिल सकेगा। बैठक में अतिरिक्त कलक्टर घनश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर परीक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए एरिया मजिस्ट्रेट प्रत्येक 10 परीक्षा केन्द्र पर एक नियुक्त किया गया है साथ ही जोनल मजिस्ट्रेट प्रत्येक 5 परीक्षा केन्द्र पर एक नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि सभी एरिया मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट अपने कार्याधीन परीक्षा केन्द्रों का 26 फरवरी से नियमित निरीक्षण कर परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर की दूरी में कोई फोटो स्टेट व इन्टरनेट की आदि संचालित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि आगामी परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की दूरी में कोई हॉस्टल, साइबर कैफे, ईमित्र सेंटर, कोचिंग संस्थान चालू नहीं हो, साथ ही परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, वीक्षकों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रबंधन और परीक्षार्थियों के लिए विशेष इंतजामों का विवरण परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले के 93 परीक्षा केन्द्रों पर 27 फरवरी को पहली पारी में 24792, दूसरी पारी में 24598, 28 फरवरी को 24774 अभ्यर्थी परीक्षा दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम पारी प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे एवं द्वितीय पारी सांय 3 से 5.30 बजे तक रहेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा समय होने से एक घंटे पूर्व तक प्रवेश दिया जायेगा।

रीट परीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित आयोजित हुई।

विदाई समारोह मनाया

भरतपुर, (निसं)। भगतसिंह मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय 94 राजेन्द्र नगर भरतपुर में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह विद्यालय में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक डॉ. जलसिंह फौजदार द्वारा मॉ सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत किया एवं छात्राओं ने होली राजस्थानी, पंजाबी एवं महाराष्ट्रीयन पोशाक में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। मुख्य अतिथि की उपस्थिति में 9वीं के विद्यार्थियों ने 10वीं के विद्यार्थियों को शब्दकोष एवं स्मृति चिंह भेंट कर टीका लगाकर व पैर स्पर्श कर विदाई दी। विदाई के समय विशेष तौर पर 10वीं की छात्राऍ भाव विभोर होकर अश्रुधारा बह निकली, छात्राओं को शन्तुना देकर बोर्ड पेपर में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने व बोर्ड में मैरिट में आने पर एक लाख रूपये देने की घोषणा की गई।

साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने कृषि, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चैपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करे। जिला कलक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिससे जिले में आगामी गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। वहीं हेंडपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की।उन्होंने सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक पर शत-प्रतिशत कार्यवाही कर नियमित रूप से डिस्पोजल करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा, उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा, एवं सहायक कलेक्टर धर्मेन्द्र वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर संभाग स्तरीय प्रयोगशाला सहायकों का तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर द्वारा प्रयोगशाला सहायकों के कार्यदक्षता संवर्द्धन कार्यशाला हेतु चयनित रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय ऑफलाइन तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये कहा कि उन्हें लगन पूर्व दक्षता से अपना कार्य करना चाहिये। सीखने की कोई उम्र नही होती। उन्होंने प्रतिभागियों को समझाते हुये कहा कि दक्षता से तात्पर्य उस प्रभावशीलता से है जिसके साथ एक संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये कर्मचारियों का उपयोग करता है।

इस कार्यक्रम से ऑनलाईन आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा को भी जोड़ा गया। आयुक्तालय में संयुक्त निदेशक डॉ श्रुति गुप्ता ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें प्रेरित किया व महाविद्यालय तथा प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाऍ दीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो कमलेश सिसौदिया, विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र, एमएसजे कॉलेज भरतपुर ने इस प्रशिक्षण की उपादेयता पर प्रकाश डाला। तकनीकी प्रशिक्षण की समन्वयक डॉ करूणा गौर ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुये चा रतकनीकी सत्रों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में भरतपुर, नदबई, डीग, धौलपुर, हिण्डौन सिटी, करौली व सवाईमाधोपुर के 14 प्रयोगशाला सहायकों सत्र 2022-23 को कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान व समन्वयक डॉ करूणा गौर ने प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

कार्यशाला संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। खाद्य पोषण एवं सुरक्षा तथा पौष्टिक अनाज योजना के तहत ार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर और उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीना ने किया। मंजू गुर्जर ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2023 को मिलेट्स ईयर के रूप में मनाया। प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज को श्री अन्न की उपाधि दी है। सहायक कृषि अधिकारी पिंटू लाल मीना ने बताया कि मिलेट्स में ज्वार, बाजरा, रागी, कोदरा, कुटकी, कंगनी, चेना, कुलथी, जंगोरा और रामदाना जैसे अनाज शामिल हैं।

कलेक्टर ने आरबीएम अस्पताल के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को आरबीएम अस्पताल के निर्माण कार्यों, प्रस्तावित सौन्दर्यकरण, ड्रेनेज एवं विभिन्न वार्डों के कार्यों का निरीक्षण संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने आरबीएम अस्पताल में सीसीबी ब्लॉक के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आरएसआरडीसी के अधिकारियों से विकास कार्यों की प्रगति

■ **जिला कलेक्टर ने कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर करें पूरा करने के निर्देश दिए**

की जानकारी ली तथा निर्धारित समयावधि में अस्पताल प्रशासन से समन्वय कर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने अस्पताल के मॉड्यूलर ओटी के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण किया तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था के अनुरूप सभी कार्यों को नियमित निगरानी रखते हुये गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त कर बरसात के दौरान किसी भी स्थान पर पानी भराव की समस्या नहीं रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल भवन के बाहर की तरफ आउटडोर डवलपमेंट के लिये सभी कार्यों को गति देने, तिमारदारों के लिये बैठक आदि व्यवस्था शामिल करने के निर्देश दिये। आरबीएम अस्पताल के पुराने भवन के लिये उन्होंने छोटी एसटीपी का प्रावधान कर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये जिससे सीवरेज की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से विकास कार्यों की निगरानी रखने एवं चिकित्सीय उपकरणों की आवश्यकतानुसार निर्माण कार्यों को गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं विभिन्न वार्डों में रोगियों के लिये दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी समीक्षा की। इस दौरान आरबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ नगेन्द्र भदोरिया, आरएसआरडीसी के अभियन्तागण एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने आरबीएम अस्पताल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

सार-समाचार

जिला कलेक्टर ने बैठक ली

डीग, (निसं)। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने सड़क सुरक्षा बैठक में आरएसआरडीसी अधिकारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर मीटिंग मेंबर सेक्रेटरी अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वे संबंधित अधिकारी के खिलाफ शो कॉस नोटिस जारी करे। उन्होंने आज के बैठक के कार्यवृत्त में भी इसे सम्मिलित करने के दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को बेहतर सड़क सुरक्षा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश है। ऐसे में संबंधित विभागों द्वारा ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलेक्टर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में सड़क सुरक्षा की बैठक ले रहे थे। उन्होंने गत मीटिंग के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर न करवाने को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बैठकों के प्रति उदासीनता दिखाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर परिवहन विभाग, पुलिस विभाग रोड ओनिंग एजेंसी और लोकल बॉडी की कमेटी उक्त ब्लैक स्पॉट्स पर जाकर तत्काल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि अब दुर्घटना के मामलों में आईरेड पोर्टल पर उक्त प्रकरण के अपलोड होने के पश्चात ही इन्वेस्टिगेटिव ऑफिसर नियुक्त किया जा रहा है। वही ओवरलोडिंग के संबंध में कलेक्टर ने परिवहन विभाग को कार्रवाइयों में इजाफा करने के निर्देश दिए हैं। इसकी अतिरिक्त सड़कों पर पर्याप्त मार्किंग, साइन बोर्ड, वाहनों में रिफ्लेक्टर इत्यादि जरूरी कार्यों को सुनिश्चित करने को कहा गया है। वर्तमान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित योजनाओं की सफल संचालन एवं संधारण हेतु सरकार द्वारा संचालन एवं संधारण नीति तैयार की जा रही है। योजनाओं का संचालन एवं संधारण उक्त नीति के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है।

होली में रहयो इतराय महीना फागुन को

करौली, (निसं)। फागुन का महीना शुरू होते ही जगह-जगह होली गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है वहीं आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में श्रद्धालु जमकर होली गीतों पर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। जैसे-जैसे होली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों पर रंगों कि मस्ती छाने लगी है करौली शहर के विभिन्न मंदिरों के अलावा कॉलोनी और मोहल्लो में महिला मंडलियों द्वारा होली गीतों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं इन दिनो करौली के गोविंद देव जी महाराज के मंदिर के अलावा मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में अलग-अलग झांकियां के समय पर भजन मंडलियों द्वारा होली गीत और भजन गाए जा रहे हैं जिन पर श्रद्धालु जमकर ठुमके लगाते नजर आते हैं जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में प्रातः मंगला आरती भक्त मंडल के अलावा राजभोग भक्त मंडली और शयन भक्त मंडल के द्वारा होली गीतों का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है इस दौरान होली गायक या मदन मोहन की यार होली खेले गुजरी,मेरो खोए गयो बाजू बंद रसिया होली में, होली में रहेयो इतराय महीना फागुन को, होली खेले तो बरसाने आ जइयो रसिया, होली में उड़े रे गुलाल कहियो रे मंगेतर से आदि होली गीतों कि प्रस्तुति दी जा रही है जिस पर भगवान के दर्शन करने आने वाले महिला पुरुष श्रद्धालु तालिया कि गड़गड़ाहट के साथ झूमते नाचते ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं।

फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। कोतवाली पुलिस ने 25 साल से फरार चल रहे चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बडी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक ममता के निर्देशन में चलाए गए अभियान में 42 वर्षीय अमजद पुत्र फक्रू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपने 5 साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के बाद से ही वह फरार चल रहा था। जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि अमजद सीकर के नीमकाथाना में रह रहा है। टीम ने वहां से उसे पकडकर गंगापुरसिटी थाने में पेश किया। इसके अलावा पुलिस ने तीन स्थायी वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें असलम पुत्र उस्मान खान, शरीफ खान पुत्र सत्तार खान और विजय सिंह गुर्जर शामिल हैं। पुलिस ने एक गिरफ्तारी वारंट पर खटीक मोहल्ला निवासी महेश पुत्र हजारी को भी पकडा है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा और पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा की निगरानी में थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में थानाधिकारी थाना गंगापुर सिटी करण सिंह, कॉन्स्टेबल कैलाश चन्द, विजय सिंह , जितेन्द्र कुमार, घनश्याम सिंह, राजेन्द्र धाकड, हैड कॉन्स्टेबल हेमेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल सत्यप्रकाश, राजपाल आदि शामिल थे।

छात्रों ने समझा कोर्ट कैम्पस का काम

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीएम श्री केंद्रीय स्कूल के बच्चों ने स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना के तहत स्थानीय न्यायालय का दौरा किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले नोटरी पब्लिक और अधिवक्ताओं की बेंच का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने सेशन कोर्ट की कार्यप्रणाली को समझा। एसीजेएम अनीता चौधरी और जेएम सुनीता यादव ने विशेष सत्र में छात्रों से संवाद किया। दोनों न्यायाधीशों ने भारतीय संविधान की विशेषताओं और न्यायालय की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को अन्याय के खिलाफ कानूनी संरक्षण की जानकारी दी। साथ ही अधिकारों के दुरुपयोग से बचने की सलाह भी दी। जज सुनीता यादव ने विद्यार्थियों को स्कूल में उनके संरक्षण से जुडे प्रमुख कानूनों की जानकारी दी। छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका दोनों न्यायाधीशों ने संतोषजनक समाधान किया।

राष्ट्रीय शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा करौली कि ओर से जिला महिला मंत्री श्रीमती हेमलता मीणा एवं जिला महिला उपाध्यक्ष मधुबाला मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को जिलाधीश करौली के द्वारा ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि ब्यावर जिले के विजयनगर में कुछ लोगों द्वारा स्कूली छात्राओं के साथ यौन शोषण तथा मतांतरण का प्रयास अत्यंत शर्मनाक तथा निंदनीय है आरोपियों पर कठोर कार्यवाही हो नाबालिक छात्राओं के साथ यौन शोषण की घटना कुत्सित मानसिकता से ठास्त है राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय इसका घोर विरोध करता है और चाहता है कि जो भी दोषी है उन पर कठोर से कठोर कार्यवाही हो इस दौरान बीना मीणा, रेखा बंसल, राधेश्याम जाटव,राजेश शर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सूरज मित्तल एवं शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुखराज मीना एवं जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीणा, जिला मंत्री गिरधारी लाल नामा सहित राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्मैक तस्कर पकड़ा

करौली, (निसं)। करौली मासलपुर थाना पुलिस ने गुडला के संजय होटल के पास से छोटू गुर्जर 24 पुत्र दयाल सिंह को पकड़ा है। आरोपी पहाड़ी सदर थाना करौली का रहने वाला है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत यह कार्यवाही कि गई। मासलपुर थाना अधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि इस मामले में पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस आरोपी से स्मैक कि खरीद-बिक्री के बारे में पूछताछ कर रही है। थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में स्मैक तस्करी के और भी मामलों का खुलासा हो सकता है।

भारत विकास परिषद शाखा के चुनाव संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)।भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ के चुनाव अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न कराए गए। इस दौरान सभी सदस्यो ने अध्य